### जयललिता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# कार्यवाही खत्म होने का मतलब अपराध से बरी होना नहीं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

**शीर्ष अदालत ने जब्त संपत्ति लौटाने की जयललिता की भतीजी व उत्तराधिकारी की याचिका खारिज की।**

**तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता का इस मामले में अदालती सुनवाई के दौरान निधन हो गया था।**

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की भतीजी व उनकी कानूनी उत्तराधिकारी की ओर से जब्त संपत्तियों को वापस करने के अनुरोध वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। साथ ही कहा कि इस मामले में कार्यवाही समाप्त होने का मतलब यह नहीं है कि जयललिता अपराध से बरी हो गई हैं।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कर्नाटक राज्य बनाम जे जयललिता मामले में 2017 के फैसले में की गई अपनी टिप्पणियों का उल्लेख किया, जिसमें कार्यवाही रोक दी गई थी क्योंकि अपील लंबित रहने के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। पीठ ने कहा, इसका तात्पर्य यह होना चाहिए कि आरोपी संख्या एक (जयललिता) को बरी करने वाले उच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में मामले पर आगे विचार इस अदालत द्वारा नहीं किया जाएगा। हालांकि, छूट का अर्थ यह नहीं होगा कि उच्च न्यायालय का फैसला अंतिम हो गया है।

शीर्ष अदालत जयललिता की भतीजी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आय से अधिक संपत्ति मामले में उनकी जब्त संपत्ति पर अधिकार का दावा किया गया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) की विशेष अदालत ने 29 जनवरी को जयललिता की सभी जब्त संपत्तियों को तमिलनाडु सरकार को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था।

# पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर रोक बढ़ी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली 14 फरवरी।

पूर्व आइएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को दी गई राहत सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बढ़ा दी। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्न और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने उनकी गिरफ्तारी से सुरक्षा 17 मार्च तक बढ़ा दी है। उन पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी व ओबीसी और दिव्यांगता कोटे का गलत लाभ उठाने का आरोप है। पीठ ने खेडकर को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है।

सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसवी राजू ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए पीठ से समय मांगा था। खेडकर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि पुलिस उन्हें जांच के लिए नहीं बुला रही है, जबकि वह आने के लिए तैयार हैं। इसके बाद शीर्ष अदालत ने एएसजी को तीन हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

इससे पहले शीर्ष अदालत ने 15 जनवरी को खेडकर की अग्रिम जमानत की याचिका पर दिल्ली सरकार और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को नोटिस जारी किया था। उनकी अग्रिम जमानत याचिका हाई कोर्ट से खारिज हो चुकी है।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना कोई समाधान नहीं : इरोम

कोलकाता, 14 फरवरी (भाषा)।

मानवाधिकार कार्यकर्ता इरोम शर्मिला ने शुक्रवार को दावा किया कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना कोई समाधान नहीं है, बल्कि राज्य में जारी जातीय हिंसा के लिए लोकतांत्रिक जवाबदेही से बचने का एक तरीका मात्र है। शर्मिला ने राज्य में शांति बहाल करने के लिए ईमानदार राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि नए चुनाव वास्तविक बदलाव नहीं लाएंगे।

उन्होंने सवाल किया कि अगर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र या मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों में भी इसी तरह की जातीय हिंसा होती तो क्या केंद्र चुप रहता। उन्होंने दावा किया, मणिपुर पिछले दो वर्षों से जल रहा है और केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि मुंबई या दिल्ली जैसे शहरों में महीनों तक ऐसी स्थिति बनी रहती? सिर्फ इसलिए कि मणिपुर दूर स्थित है, किसी को पूर्वोत्तर की चिंता नहीं है। उग्रवाद से लड़ने के नाम पर करोड़ों रुपए बर्बाद हो जाते हैं, जिसका इस्तेमाल क्षेत्र के विकास के लिए किया जा सकता था। शर्मिला ने सुझाव दिया कि मणिपुर के पूर्ववर्ती राजपरिवार के प्रमुख को वर्तमान राज्यपाल के समान शक्तियों के साथ एकता के प्रतीक के रूप में सेवा करने के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए। शर्मिला ने कहा, राष्ट्रपति शासन कोई समाधान नहीं है।

# राष्ट्रीय महिला आयोग ने एल्विश यादव को किया तलब

नई दिल्ली, 14 फरवरी (भाषा)।

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लू) ने 'मिस अरुणाचल' का खिताब अपने नाम करने वाली और रियलिटी शो 'बिग बास' की प्रतिभागी रही चुम दरांग के खिलाफ नस्ली टिप्पणी करने के आरोप में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव को तलब किया है।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एनसीडब्लू ने यादव को सोमवार को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा है।

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग (एपीएससीडब्लू) ने यादव द्वारा चुम दरांग के खिलाफ की गई 'अपमानजनक और नस्ली' टिप्पणी की 11 फरवरी को कड़ी निंदा की थी।


## यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust

परिसम्पत्ति प्रबंधन शाखा, भूतल, यूको बैंक बिल्डिंग, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन: 011-23753278

### अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों के विक्रयार्थ की ई-नीलामी विक्रय सूचना।**

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप में ऋणकर्ता(ओं) एवं गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि यूको बैंक (प्रतिभूत ऋणदाता) के पास बंधककृत निम्न विवरणित अचल संपत्ति, जिसका साँकेतिक अधिग्रहण **यूको बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी (प्रतिभूत ऋणदाता) द्वारा कर लिया गया है, उसका विक्रय 11/03/2025 को, मैसर्स यूनिस्टार ऑयल्स प्राइवेट लिमिटेड (ऋणकर्ता सह बंधककर्ता) तथा श्री हेमंत जिंदल (गारंटर सह बंधककर्ता), श्री उमंग जिंदल (गारंटर) तथा मैसर्स एचए एग्रो ऑयल प्राइवेट लिमिटेड (गारंटर) की ओर से **यूको बैंक** (प्रतिभूत ऋणदाता) को देय–भुगतेय **रु. 6,05,67,027.30 (रुपये छह करोड़ पाँच लाख सड़सठ हजार सत्ताईस एवं तीस पैसे मात्र)** 31/01/2025 के अनुसार, और 31/01/2025 तक ब्याज सहित और राशि पर नियत ब्याज तथा अन्य आकस्मिक शुल्कों की वसूली के लिये, **"जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" तथा "वहाँ जो कुछ भी है"** आधार पर किया जाएगा।

**आरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि जमा निम्नानुसार होगी :**

| ऋणकर्ताओं तथा गारंटरों के नाम पते के साथ | माँग सूचना की तिथि | साँकेतिक अधिग्रहण की तिथि | वसूलीयोग्य राशि |
|---|---|---|---|
| **ऋणकर्ता : मैसर्स यूनिस्टार ऑयल्स प्राइवेट लिमिटेड,** मकान नं. 4, चंद्रलोक एन्क्लेव, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034, **अन्य पता :** यूनिट नं. 14, प्लॉट नं. 31, एलजीएफ, विकास टॉवर बिल्डिंग, रोड नं. 44, रानी बाग, सामुदायिक केंद्र, दिल्ली–34, **गारंटरगण :** (1) हेमंत जिंदल पुत्र केवल कृष्ण जिंदल, 5/83, पंजाबी बाग, नई दिल्ली– 1100026, **अन्य पता :** मकान नं. 4, द्वितीय तल, चंद्रलोक एन्क्लेव, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034 (2) उमंग जिंदल पुत्र हेमंत जिंदल, 5/83, पंजाबी बाग, नई दिल्ली–1100026 **अन्य पता :** मकान नं. 4, द्वितीय तल, चंद्रलोक एन्क्लेव, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034 (3) मैसर्स एचए एग्रो ऑयल प्राइवेट लिमिटेड **(पूर्व में एचए टेक्नोबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड के नाम से विदित),** मकान नंबर 4, द्वितीय तल, चंद्रलोक एन्क्लेव, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034 **अन्य पता :** यूनिट नंबर 14, प्लॉट नंबर 31, एलजीएफ, विकास टावर बिल्डिंग, रोड नंबर 44, रानी बाग, कम्युनिटी सेंटर, दिल्ली–34 **अन्य पता :** होम लैंड सिटी मॉल में तृतीय तल पर मल्टीपर्पज हॉल परिसर, ग्राम कल्याणपुर, तहसील बद्दी, जनपद सोलन, हिमाचल प्रदेश। | 24/05/2023 | 05/08/2023 | रु. 6,05,67,027.30 (रुपये छह करोड़ पाँच लाख सड़सठ हजार सत्ताईस एवं तीस पैसे मात्र) 31/01/2025 के अनुसार जिसमें 31/01/2025 तक का ब्याज और राशि पर ब्याज और अन्य आकस्मिक शुल्क सम्मिलित हैं। |

नोट : सरफॉएसि अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना 24/05/2023 को निर्गत की गई थी।

| संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
|---|---|---|
| **मैसर्स एचए एग्रो ऑयल प्राइवेट लिमिटेड,** जिसे पहले मैसर्स एचए टेक्नोबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, के नाम पर गिरवी रखी गई संपत्ति। संपत्ति के सुपर एरिया की माप 19451 वर्ग फीट, कवर्ड एरिया की माप 15561 वर्ग फीट है, जो मल्टीपर्पज हॉल परिसर, होम लैंड सिटी मॉल में तृतीय तल, ग्राम कल्याणपुर, तहसील बद्दी, जनपद सोलन, हिमाचल प्रदेश में स्थित है, जो बही सं. 1, पंजीकरण सं. 1470/2019 संदर्भ सं. 1831/2019 के साथ पंजीकरण तिथि 30.07.2019 के साथ पंजीकृत बंधक है। | रु. 225.60 लाख | रु. 22.56 लाख |

**ई-नीलामी विक्रय की तिथि एवं समय**

**11 मार्च 2025 को 01:00 से 05:00 बजे के मध्य**
**(10 मिनट प्रत्येक के असीमित स्वतः विस्तारों के साथ तथा बोलियाँ रु. 2.00 लाख के गुणकों में होंगी)**
**धराज के साथ बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 10 मार्च 2025 को सायं 05.00 बजे**

**नियम तथा शर्तें :**
1. विक्रय, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगा। **विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तें निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पोर्टल पर उपलब्ध/प्रकाशित हैं : i) https://baanknet.com/ ii) https://www.ucobank.com**
2. संपत्ति(याँ) **"जैसी हैं जहाँ है आधार", "जैसी हैं जो हैं आधार" तथा "वहाँ जो कुछ भी हैं आधार"** पर बेची जा रही हैं।
3. यहाँ इसमें उपरोक्त "संपत्ति(याँ) का विवरण" में विनिर्दिष्ट प्रतिभूत परिसंपत्तियों के विवरण यद्यपि प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार उल्लिखित किये गये हैं तथापि प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में हुई या होनेवाली किसी भी त्रुटि, त्रुटिपूर्ण विवरण अथवा चूक हेतु उत्तरदायी नहीं होंगे।
4. विक्रय, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा वेबसाइट यूआरएल : **https://baanknet.com** पर उपलब्ध कराये गये ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 11/03/2025 को किया जायेगा तथा यह 01.00 बजे आरंभ होगा।
5. यह बैंक पर निर्भर है कि वह चाहे तो एक प्रतिनिधि नियुक्त कर लें तथा स्वयं बोली लगा लें और नीलामी में भाग ले ले।

दिनांक: 14/02/2025
स्थान: नई दिल्ली

(ललित कुमार) मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी,
यूको बैंक (प्रतिभूत ऋणदाता), मोबाइल: 9147404005



## UFLEX यूफ्लैक्स लिमिटेड

'A part of your daily life'

CIN: L74899DL1988PLC032166

रजिस्टर्ड ऑफिस : 305, तीसरी मंजिल, मानोट कॉर्नर, पम्पोश एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश–1, नई दिल्ली. 110048
फोन : 91–11–26440917, 26440925 फैक्स : +91–11–26216922 वेबसाईट : www.uflexltd.com ई–मेल : secretarial@uflexltd.com

### 31.12.2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के अनंकेक्षित समेकित एवं स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम

(₹ लाखों में)

| क्र० सं० | विवरण | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 30.09.2024 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 31.12.2023 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त नौ माह (अनंकेक्षित) | 31.12.2023 को समाप्त नौ माह (अनंकेक्षित) | 31.03.2024 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) |
| 1. | कुल आय | 377423 | 385321 | 334538 | 1130996 | 1001306 | 1350978 |
| 2. | अवधि के लिए कर पूर्व लाभ असाधारण मदों से पूर्व | 14727 | 6164 | 6091 | 31398 | 17932 | 32236 |
| 3. | असाधारण मद (विस्तृत वित्तीय परिणामों के लिए नोट सं0 '6' देखें) | (2565) | 9264 | 10005 | 24774 | 48160 | 87130 |
| 4. | अवधि के लिए कर पूर्व लाभ / (हानि) | 17292 | (3100) | (3914) | 6624 | (30228) | (54894) |
| 5. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ / (हानि) | 13681 | (6458) | (6727) | (2620) | (42021) | (69116) |
| 6. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) गैर–नियंत्रित हित के पश्चात | 13682 | (6462) | (6722) | (2625) | (42009) | (69099) |
| 7. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय / (हानि) | 1411 | 228 | 15109 | (8814) | (11825) | (25889) |
| | अवधि के लिए कुल व्यापक आय / (हानि) निम्नानुसार संबन्धित | | | | | | |
| | होल्डिंग कंपनी का स्वामित्व | 1412 | 224 | 15114 | (8819) | (11813) | (25872) |
| | गैर–नियंत्रित हित | (1) | 4 | (5) | 5 | (12) | (17) |
| 8. | समतुल्य अंश पूंजी | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 |
| 9. | अन्य समतुल्य, गैर–नियंत्रित हित के अतिरिक्त, पूर्व वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार | 714356 | 714356 | 742394 | 714356 | 742394 | 714356 |
| 10. | प्रति शेयर आय (₹ में) (अवार्षिकृत) | | | | | | |
| | मूल | 18.95 | (8.95) | (9.31) | (3.64) | (58.18) | (95.69) |
| | तरल | 18.95 | (8.95) | (9.31) | (3.64) | (58.18) | (95.69) |

(₹ लाखों में)

| क्र० सं० | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 30.09.2024 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 31.12.2023 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त नौ माह (अनंकेक्षित) | 31.12.2023 को समाप्त नौ माह (अनंकेक्षित) | 31.03.2024 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) |
| 1. | कुल आय | 195492 | 196895 | 165893 | 579793 | 498068 | 665155 |
| 2. | अवधि के लिए कर पूर्व लाभ | 8077 | 5182 | 3029 | 19600 | 13241 | 21606 |
| 3. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ | 5769 | 3774 | 2374 | 14324 | 9962 | 16099 |
| 4. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 5831 | 3997 | 2382 | 14632 | 10042 | 16216 |
| 5. | समतुल्य अंश पूंजी | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 |
| 6. | अन्य समतुल्य, गैर–नियंत्रित हित के अतिरिक्त, पूर्व वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार | 297142 | 297142 | 283093 | 297142 | 283093 | 297142 |
| 7. | प्रति शेयर आय (₹ में) (अवार्षिकृत) | | | | | | |
| | मूल | 7.99 | 5.23 | 3.29 | 19.84 | 13.80 | 22.29 |
| | तरल | 7.99 | 5.23 | 3.29 | 19.84 | 13.80 | 22.29 |

नोट:–
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में जमा किए गए 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के, समेकित एवं स्टैंडअलोन अनंकेक्षित वित्तीय विवरण के विस्तृत प्रारूप का सारकित अंश है। 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के अनंकेक्षित, समेकित एवं स्टैंडअलोन अनंकेक्षित वित्तीय विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों (www.nseindia.com, www.bseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट (www.uflexltd.com) पर उपलब्ध है तथा नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी वित्तीय परिणामों को देखा जा सकता है:

कृते यूफ्लैक्स लिमिटेड
हस्ता/-
अशोक चतुर्वेदी
(चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक)
DIN - 00023452

स्थान: नोएडा
दिनांक: 14 फरवरी 2025



## यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust

परिसम्पत्ति प्रबंधन शाखा, भूतल, यूको बैंक बिल्डिंग, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001, मोबाइल: 9147404005

### नियम–8(6) अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफैसी) के तहत अचल आस्तियों की बिक्री की ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचना दी जाती है कि यूको बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के पास बंधक नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा यूको बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया है, **मेसर्स टीडीआई इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार सह बंधककर्ता), श्री प्रेम बजाज (जमानती सह बंधककर्ता), श्री हियाव बजाज (जमानती), सुश्री नीलम बजाज (गारंटर), श्री विजय कुम अर मनचंदा (गारंटर) एवं श्री अतुल चोपड़ा (गारंटर)** से यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदर के 30.11.2024 तक बकाया **रु. 205,99,84,422.94 (रुपए दो सौ पांच करोड़ निन्यानबे लाख चौरासी हजार चार सौ बाईस तथा चौरानबे पैसे मात्र)** तथा 30.11.2024 तक ब्याज तथा अन्य आकस्मिक व्यय की वसूली हेतु 11.03.2025 को **"जहाँ है जैसे है", "जो है यही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है"** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

| पते के साथ उधारकर्ताओं एवं गारंटरों के नाम | माँग सूचना की तिथि | भौतिक अधिग्रहण की तिथि | वसूली योग्य राशि |
|---|---|---|---|
| **मैसर्स टीडीआई इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार सह बंधककर्ता)** 42, प्रथम तल, रानी झाँसी रोड, नई दिल्ली–110055 **श्री प्रेम बजाज (गारंटर सह बंधककर्ता), पुत्र श्री हरीश बजाज** बी–4/62, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली–110029 **श्री हियाव बजाज (गारंटर), पुत्र श्री प्रेम बजाज** बी–4/62, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली–110029 **सुश्री नीलम बजाज (गारंटर), पत्नी श्री प्रेम बाजा** बी–4/62, सफदाइजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली–110029 **श्री विजय कुमार मनचंदा (गारंटर), पुत्र श्री हरचरण दास,** 5सी/55, न्यू रोहतक रोड, नई दिल्ली–110005 **इसके अलावा:** 41, रानी झाँसी रोड, नई दिल्ली–110055 **श्री अतुल चोपड़ा (गारंटर),** एफ–10, साकेत, नई दिल्ली–110017 | 07/03/2022 | 09/10/2024 | रु. 205,99,84,422.94 (रुपए दो सौ पांच करोड़ निन्यानबे लाख चौरासी हजार चार सौ बाईस तथा चौरानबे पैसे मात्र) 30/11/2024 तक तथा 30/11/2024 तक का ब्याज और उस पर ब्याज और अन्य आकस्मिक शुल्क शामिल |

नोट: सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस 07/03/2022 को जारी किया गया।

| सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) |
|---|---|---|
| 1.) खसरा संख्या 4/21/3,4/22,4/19/2, लिंक रोड, समालखा, आईजीआई हवाई अड्डे के पास (बाबा फार्म), तहसील वसंत विहार, नई दिल्ली–110037 में से 4384.8 वर्ग गज की वाणिज्यिक भूमि, जिसका स्वामित्व मैसर्स टीडीआई इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पास | रु. 48.00 करोड़ | रु. 4.80 करोड़ |
| 2.) खसरा नंबर 3/16/2,3/25,4/20/2,4/21 /1, 4/21/2, 9/1, 9/1/1, 9/1/2, 9/2/1, 9/10,10/5,10/6 में से 24544.8 वर्ग गज की वाणिज्यिक भूमि, लिंक रोड, समालखा, आईजीआई हवाई अड्डे के पास (बाबा फार्म), तहसील वसंत विहार, नई दिल्ली–110037, मैसर्स टीडीआई इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व में। | रु. 260.00 करोड़ | रु. 26.00 करोड़ |

**ई-नीलामी बिक्री की तिथि एवं समय**

**11 मार्च 2025 को 01:00 बजे अप. से 05:00 बजे अप. के बीच**
**(प्रत्येक 10 मिनट के असीमित स्वतः विस्तार के साथ और बोली रु. 1.00 करोड़ के गुणकों में होगी)**
**ईएमडी सहित बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय: 10 मार्च 2024 को 5 बजे अप. तक**

ज्ञात ऋणभार : **अज्ञात**

**नियम एवं शर्तें :**
1. यह बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगी।
   **बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पोर्टल पर उपलब्ध/प्रकाशित हैं:**
   **(i) https://baanknet.com (ii) https://ucobank.co.in/**
2. सम्पत्तियों की बिक्री "जहाँ है जैसे है", "जो है यही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" के आधार पर की जा रही है।
3. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूति संपत्ति का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयानी या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
4. बिक्री दिनांक 11.03.2025 को दोपहर 1:00 बजे से वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।
5. बैंक एक प्रतिनिधि नियुक्त करने और स्वयं बोली लगाने तथा नीलामी में भाग लेने के लिए स्वतंत्र है।

दिनांक: 14/02/2025
स्थान: नई दिल्ली

(ललित कुमार) मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी,
यूको बैंक (प्रतिभूत ऋणदाता), मोबाइल: 9147404005



## यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust

परिसम्पत्ति प्रबंधन शाखा, भूतल, यूको बैंक बिल्डिंग, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001, मोबाइल: 9147404005

### नियम–8(6) अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफैसी) के तहत अचल आस्तियों की बिक्री की ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचना दी जाती है कि यूको बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के पास बंधक नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा यूको बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया है, **मेसर्स टीडीआई इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार सह बंधककर्ता), श्री प्रेम बजाज (जमानती सह बंधककर्ता), श्री हियाव बजाज (जमानती), सुश्री नीलम बजाज (गारंटर), श्री विजय कुम अर मनचंदा (गारंटर) एवं श्री अतुल चोपड़ा (गारंटर)** से यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदर के 30.11.2024 तक बकाया **रु. 205,99,84,422.94 (रुपए दो सौ पांच करोड़ निन्यानबे लाख चौरासी हजार चार सौ बाईस तथा चौरानबे पैसे मात्र)** तथा 30.11.2024 तक ब्याज तथा अन्य आकस्मिक व्यय की वसूली हेतु 11.03.2025 को **"जहाँ है जैसे है", "जो है यही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है"** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

| पते के साथ उधारकर्ताओं एवं गारंटरों के नाम | माँग सूचना की तिथि | सांकेतिक अधिग्रहण की तिथि | वसूली योग्य राशि |
|---|---|---|---|
| **मैसर्स टीडीआई इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार सह बंधककर्ता)** 42, प्रथम तल, रानी झाँसी रोड, नई दिल्ली–110055 **श्री प्रेम बजाज (गारंटर सह बंधककर्ता), पुत्र श्री हरीश बजाज** बी–4/62, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली–110029 **श्री हियाव बजाज (गारंटर), पुत्र श्री प्रेम बजाज** बी–4/62, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली–110029 **सुश्री नीलम बजाज (गारंटर), पत्नी श्री प्रेम बाजा** बी–4/62, सफदाइजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली–110029 **श्री विजय कुमार मनचंदा (गारंटर), पुत्र श्री हरचरण दास,** 5सी/55, न्यू रोहतक रोड, नई दिल्ली–110005 **इसके अलावा:** 41, रानी झाँसी रोड, नई दिल्ली–110055 **श्री अतुल चोपड़ा (गारंटर),** एफ–10, साकेत, नई दिल्ली–110017 | 07/03/2022 | 01/02/2025 | रु. 205,99,84,422.94 (रुपए दो सौ पांच करोड़ निन्यानबे लाख चौरासी हजार चार सौ बाईस तथा चौरानबे पैसे मात्र) 30/11/2024 तक तथा 30/11/2024 तक का ब्याज और उस पर ब्याज और अन्य आकस्मिक शुल्क शामिल |

नोट: सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस 07/03/2022 को जारी किया गया।

| सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) |
|---|---|---|
| वाणिज्यिक संपत्ति [भूमि एवं भवन] माप 562.96 वर्ग गज प्लॉट संख्या 42, मोतिया खान, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली –110055. (42, एम.एम. रोड नई दिल्ली से संदर्भित) | रु. 21.04 करोड़ | रु. 2.11 करोड़ |

**ई-नीलामी बिक्री की तिथि एवं समय**

**11 मार्च 2025 को 01:00 बजे अप. से 05:00 बजे अप. के बीच**
**(प्रत्येक 10 मिनट के असीमित स्वतः विस्तार के साथ और बोली रु. 25.00 लाख के गुणकों में होगी)**
**ईएमडी सहित बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय: 10 मार्च 2024 को 5 बजे अप. तक**

ज्ञात ऋणभार : **अज्ञात**

**नियम एवं शर्तें :**
1. यह बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगी।
   **बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पोर्टल पर उपलब्ध/प्रकाशित हैं:**
   **(i) https://baanknet.com (ii) https://ucobank.co.in/**
2. सम्पत्तियों की बिक्री "जहाँ है जैसे है", "जो है यही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" के आधार पर की जा रही है।
3. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूति संपत्ति का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयानी या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
4. बिक्री दिनांक 11.03.2025 को दोपहर 1:00 बजे से वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।
5. बैंक एक प्रतिनिधि नियुक्त करने और स्वयं बोली लगाने तथा नीलामी में भाग लेने के लिए स्वतंत्र है।

दिनांक: 14/02/2025
स्थान: नई दिल्ली

(ललित कुमार) मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी,
यूको बैंक (प्रतिभूत ऋणदाता), मोबाइल: 9147404005


www.readwhere.com